
लापरवाही | पीएम आवास योजना से वंचित हो रहे लोग, नगर परिषद छपारा ने डायवर्सन का नोटिस जारी कर हाथ किए खडे

# राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि से मकान की मौजूदगी नदारद





जिला कलेक्टर शीतला पटले से लगाई गुहार

**नवभारत,छपारा** । वर्तमान में पीएम आवास योजना हेतु नगर के कच्चे खपडे झोपड़ियों में जीवन यापन कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों द्वारा पक्के मकान की उम्मीदें कार्यालयों के चक्कर लगा कर दम तोड़ती नजर आ रही है ज्ञात हो कि नगर परिषद छपारा द्वारा वर्तमान में एक सूची जारी कर पहली किश्त अकाउंट में जमा कर दी गई है वहीं सूची दोबारा परिषद छपारा द्वारा भेजे गई सूची जिसमें कुल 525 लोगों के नाम थे उसमें 161 लोगों के नाम जुड़ गए शेष 364 लोगों को अपात्र घोषित कर दिया गया जो अपने दस्तावेज लेकर नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं और अब उन्हें अपने पक्के मकान का सपना साकार होने की सरकार द्वारा जगाई गई उम्मीद दम तोड़ती नजर आ रही है दरअसल अपात्र हुए अधिकांश लोग जिनके पास आवश्यक दस्तावेज तो हैं और वह विगत 30 वर्षों से उस हिस्से पर निवासरत हैं परन्तु जब नगर परिषद एवं राजस्व अमला उपरोक्त भूमि पर आनलाइन उपलब्ध भूमि पर पहुंच कर जिओ टेग से सर्वेक्षण किया जा रहा है तो मिली जानकारी के अनुसार उस भूमि पर कोई मकान दर्शा ही नहीं रहा है और वह भूमि कभी रास्ता मद तो कहीं कोई और मद को दर्शाने से आवश्यक प्रक्रिया जिओ टेग नहीं होने से अटक जा रही हैं जिसे लेकर अब समझ नहीं आ रहा है कि उक्त समस्या का निराकरण कैसे हो सकेगा जिसे लेकर नगर के पीएम आवास योजना हेतु प्रयास कर रहे परिवारों द्वारा जिला सिवनी कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी से राजस्व रिकॉर्ड की गई त्रुटिपूर्ण सर्वे को लेकर आवश्यक पुनः जांच एवं कार्यवाही किए जाने की अपील की जा रही है।

दो पीढ़ी पिछले चालीस साल से निवास पर आनलाइन में नहीं दिखा रहा मकान - नगर परिषद के कुम्हारी वार्ड निवासी पार्वती यादव पति स्व भगवान दास यादव 60 वर्षीय वृद्ध महिला के द्वारा नगर परिषद छपारा कार्यालय में सभी दस्तावेजों को जमा किए गए सूची में नाम शामिल है वहीं नगर परिषद छपारा द्वारा सूचना दी गई कि उनकी भूमि पर डायवर्सन नहीं हुआ है सो महिला ने तहसील कार्यालय में संपर्क कर डायवर्सन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई परंतु मौके पर जब राजस्व अमला एवं नगर परिषद पदस्थ अधिकारियों को आनलाइन मकान की मौजूदगी नहीं हो रही है। वहीं आर्थिक रूप से अक्षम महिला जैसे तैसे अपने बच्चे के साथ निवासरत है उनका कहना है कि वह पिछले चालीस साल से उक्त स्थान पर रह रही है तो क्या कारण है जो प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना 2.0 योजना के आनलाइन यू डब्लू पी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं है। वहीं पार्वती यादव एवं उसके बेटे ने कहा कि अबकी बारिश में उनका जर्जर हालत में घर शायद ही टीक पाएगा।



# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक-युवती की मौत

बंडोल के समीप हुआ हादसा



**नवभारत,सिवनी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 44 पर बंडोल ग्राम के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला-पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब महिला पुरुष दोनों मोटरसाइकिल से बंडोल बाईपास के ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार महिला पुरुष की जमीन पर गिर गए,सिर,हाथ,पैर व शरीर के अन्य अंगों में चोट आएं से उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। छपारा थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में महिला और व्यक्ति की मौत होने की पुष्टि हुई है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश के साथ ही हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके।

## एक नजर में



### विधायक ने तकनीकी माध्यम से अपने कार्यालय में सुनीं आमजन की समस्याएं

**नवभारत,सिवनी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में तकनीकी माध्यम से जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया।आज ?भोपाल प्रवास दौरान प्रातः 11:00 बजे से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा अपने कार्यालय मे तकनीकी माध्यम से जनसुनवाई मे उपस्थित नागरिकों से संवाद किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुन ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किये जाने निर्देश दिया।

### सिवनी में 11 अप्रैल को लगेगा एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प, 95 हज यात्री होंगे लाभान्वित

**नवभारत,सिवनी।** हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीने हज के लिए सिवनी में 11 अप्रैल 2026, शनिवार को एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक रॉयल लॉन, बड़ी ज़ियारत के पास, जबलपुर रोड सिवनी में आयोजित होगा। यह आयोजन हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी, हाजी मोहम्मद शब्बीर वारसी (अध्यक्ष, ज़िला हज कमेटी सिवनी) एवं अब्दुल वाहिद समर (अध्यक्ष, सेंट्रल इंडिया खादिम-उल-हुज्जाज कमेटी सिवनी) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस वर्ष सिवनी ज़िले से लगभग 95 हुज्जाज-ए-इकराम मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। ऐसे में यह तरबियत कैम्प हज यात्रा की तैयारियों को बेहतर और सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। कैम्प में सिवनी के साथ-साथ पड़ोसी ज़िलों—छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी एवं बालाघाट—के आज़मीने हज भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर स्लाइड के माध्यम से हज के सभी अरकान, प्रक्रियाओं और आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



# डॉ. रश्मि नेमा को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सम्मान

**नवभारत,छिंदवाड़ा** । विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), जयपुर में आयोजित पीजी स्कॉलर्स (बैच 2022) के 'समावर्तनम्' (विदाई समारोह) में छिंदवाड़ा की डॉ. रश्मि नेमा (प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के करकमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज प्रो. गोपेश मंगल भी उपस्थित रहे। प्रशंसा पत्र में डॉ. नेमा की चिकित्सा नैतिकता, करुणा एवं मानव सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की गई। साथ ही उनके अकादमिक उत्कृष्टता एवं आयुर्वेद के सिद्धांतों को नैदानिक अभ्यास में अपनाने के प्रयासों को विशेष रूप से उल्लेखित किया गया। संस्थान द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की गई कि वे अपने ज्ञान एवं कौशल से स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति एवं समाज के कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेंगी। यह उपलब्धि न केवल डॉ. रश्मि नेमा के लिए, बल्कि छिंदवाड़ा जिले के लिए भी गौरव का विषय है।

# नरवाई जलाने पर जीरो टॉलरेंस, कलेक्टर के सख्त निर्देश

जर्जर भवनों में बच्चों को नहीं बैठाएं, वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



**नवभारत,सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 7 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों तथा जिले की रैंकिंग को प्रभावित करने वाली शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि नवीन ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किसानों को सुगम रूप से खाद की आपूर्ति की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि जिले में 14 वर्ष पूर्ण कर 15 वर्ष में प्रवेश कर चुकी सभी बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए शासकीय एवं निजी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएं तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु उपलब्ध निःशुल्क टीकाकरण के संबंध में अभिभावकों की काउंसलिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को इस अभियान को प्राथमिकता से संचालित करने के निर्देश दिए। नरवाई जलाने की घटनाओं पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने सख्त रुख अपनाते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने तथा नरवाई जलाने की किसी भी घटना पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया। पेयजल आपूर्ति को लेकर कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कतिया समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को



**सिवनी नवभारत।** बबलू पहलवान नगर अध्यक्ष सिवनी ने दी जानकारी के अनुसार समाज के पिपारिया होशंगाबाद विधायक ठाकुर दास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य मे कठियावाड़ क्षत्रिय कतिया समाज पंजीकृत संस्था 10277 का जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन ओर आदर्श विवाह दिनांक 18 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को राजश्री पैलेस, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिन्दवाड़ा रोड, सिवनी मे सामाजिक एकता, भाईचारा, प्रेम-सौहार्य, सहयोग व सेवा भावना जागृत करने तथा विकसित समाज के सृजन हेतु उक्त आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम मे समिति द्वारा लिये गये निर्णय मे विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन किया जायेगा। समाज में जिन-जिन छात्र-छात्राओं एवं युवक-युवतियों ने विभिन्न परीक्षाओं में प्रदर्शन किया है, उन्हें सम्मानित किया जायेगा तथा जिन सजातीय जनों ने समाज हित में या कोई विशेष क्षेत्र में विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य किया है, समिति द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया जावेगा।

समिति द्वारा आदर्श विवाह में सम्मिलित होने काले सभी जोड़ों को विशेष सम्मान तथा भेंट राशि प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम स्थल पर शराब पीकर आना पूर्णतः प्रतिबंधित है, किसी भी व्यक्ति के द्वारा गाली-गलीच झगडा, वाद-विवाद किये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाये। दूर से आने वाले स्वजनों एवं वर-वधु के परिवारजनों हेतु रुकने एवं भोजन आदि की व्यवस्था समिति की ओर से रहेगी। बस स्टेण्ड रेल्वे स्टेशन से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने हेतु समाज की और से वाहन व्यवस्था रहेगी। परिस्थिति अनुसार कार्यक्रम में परिवर्तन संशोधन हेतु समिति अधिकृत रहेगी। कृष्ण कुमार डोंगरे जिलाध्यक्ष ने समाजिक लोगो से अनुरोध किया है कि समाज के इस कार्यक्रम को परिवार सहित सहभागिता निवाह कर सफल करे।

# ऑपरेशन मुस्कान में सफलता, नाबालिग बालिका नागपुर से सकुशल बरामद

**नवभारत, सिवनी।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत डूण्डासिवनी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने एक नाबालिग बालिका को नागपुर से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल 2026 को एक अभिभावक ने थाना डूण्डासिवनी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय बालिका घर से मामा के यहां जाने के बाद लापता हो गई थी और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई थी। मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका के नागपुर के कोराडी क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया और सिवनी लाकर परिजनों को सौंप दिया।

### धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

डूण्डासिवनी पुलिस ने वर्ष 2024 से फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन में की गई। आरोपी पर एक ही प्लॉट और मकान की अलग-अलग लोगों को रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी करने तथा बैंक से ऋण लेने का आरोप था। मामले की जांच में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर आर्थिक लाभ लेने के प्रमाण सामने आए। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को 6 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जुआ फड़ पर पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी पकड़े डूण्डासिवनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ फड़ पर छापेमार कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

क्रिकेट | अंडर-19 लेदर बॉल टूर्नामेंट

# सुपर ओवर में जबलपुर की जीत, दूसरे मैच में भी दिखा हाई-वोल्टेज मुकाबला



**सिवनी नवभारत।** पॉलिटेक्निक ग्राउंड में बैनगंगा क्रिकेटएसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन मैदान पर रोमांच अपने चरम पर रहा। दिन के पहले मुकाबले में जहां सुपर ओवर तक पहुंचा कांटे का संघर्ष देखने को मिला, वहीं दूसरे मैच में भी खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों को बांधे रखा।

### पहला मुकाबला जबलपुर ने सुपर ओवर में जीता

दिन का पहला मैच जबलपुर ष्ट और छिंदवाड़ा के बीच खेला गया, जो पूरी तरह से रोमांच से भरपूर रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 166 रन बनाए। टीम के बल्लेबाज गौरिश तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 88 रन ठोके, जिसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर ष्ट ने भी जोरदार जवाब दिया और 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 166 रन बनाते हुए मैच को टाई कर दिया। इसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ, जिसमें जबलपुर ष्ट ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम कर ली।

### प्लेयर ऑफ द मैच

मलय लोहिया (जबलपुरष्ट), 32 रन (24 गेंद), 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट यह मुकाबला आखिरी गेंद तक रोमांच से भरा रहा और दर्शकों को एक यादगार मैच देखने को मिला।

### दूसरा मुकाबले में हुआ रोमांचक संघर्ष

दिन का दूसरा मुकाबला दोपहर 12:00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए जीत के लिए पूरा जोर लगाया। टॉस के बाद मैच की शुरुआत संतुलित रही, लेकिन शुरुआती ओवरों से ही बल्लेबाजों ने रन गति बढ़ाने की कोशिश की। पहली पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम ने संभलकर खेलते हुए एक प्रतिस्पर्धात्मक स्कोर खड़ा किया, वहीं गेंदबाजों ने बीच-बीच में विकेट निकालकर दबाव बनाए रखा। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी टीम ने तेज शुरुआत की, लेकिन विपक्षी गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को अंतिम ओवरों तक रोमांचक बनाए रखा। हर गेंद के साथ मैच का रोमांच बढ़ता गया और दर्शकों को शानदार क्रिकेट देखने को मिला। यह मुकाबला भी पूरी तरह से प्रतिस्पर्धात्मक रहा और अंत तक जीत-हार का फैसला अनिश्चित बना रहा।

### वेटरन वर्ग में वरिष्ठ खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

आठवें दिन का तीसरा मुकाबला वेटरन वर्ग में कलाम 11 और अजय 11 के मध्य खेला गया। इस मैच में जिले भर के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अनुभव व खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैदान पर अनुभवी खिलाड़ियों की शानदार बल्लेबाजी, सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजन समिति के सचिव अब्दुल काबिज खान ने बताया कि टूर्नामेंट का आठवां दिन पूरी तरह से रोमांच, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना से भरपूर रहा। सुपर ओवर का रोमांच, दूसरे मैच की कड़ी टक्कर और वेटरन वर्ग में अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन इन सभी ने दिन को खास बना दिया। टूर्नामेंट लगातार रोमांचक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है और आगे के मुकाबलों के लिए उत्साह चरम पर है। कल भी टूर्नामेंट के अंतर्गत प्रतिदिन अनुसार दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच सुबह 8:00 बजे से तो दूसरा मैच 12:00 बजे खेला जाएगा।

# यक्ष राजपूत उच्च अंकों से उत्तीर्ण, पाया प्रथम स्थान



**नवभारत, सिवनी।** तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,ग्राम जाम में पढ़ने वाले होनहार छात्र यक्ष राजपूत ने एल.के.जी. में 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि यक्ष राजपूत ग्राम मारबोड़ी के प्रतिष्ठित लाला परिवार के श्री विजेंद्र-अनीता राजपूत के सुपौत्र एवं शिवम-भानू राजपूत के पुत्र हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित समस्त ग्रामवासियों परिचितों ने बधाई प्रेषित कर यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी जनपद पंचायत बरघाट, जिला-सिवनी**

**निविदा** दिनांक :- 08/04/2026

ग्राम पंचायत उसरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के पक्के कच्चे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री एवं किराये की सेवाओं के लिए इच्छुक एवं पात्र फर्मो/आपूर्तिकताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। आवश्यक सामग्री/सेवाएं इस प्रकार हैं- रेत, गिट्टी, मुरुम सीमेंट लोहा ईट सीमेंट पाइप (1000 एम.एम. एवं 600 एम.एम.) पानी टैंकर परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया सेंट्रिंग (सेन्टीग) किराया मिक्सर मशीन किराया समस्त प्रकार की पुताई सामग्री कार्यालय उपयोग हेतु टेबल, कुर्सी, दरी आदि सामग्री कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि : 8/04/2026 से 10/04/2026 कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस छोड़कर) इच्छुक फर्म निर्धारित तिथि तक अपना कोटेशन कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी में जमा कर सकते हैं। विलंब से प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सरपंच | आदेशानुसार | सचिव